लाडली अवार्ड्स 2023: 'गाँव कनेक्शन' को मिला दोहरा सम्मान

चर्चा में क्यों?

हाल ही में लैंगिक समानता के क्षेत्र में काम करने वाली प्रतिष्ठित संस्था 'पॉपुलेशन फर्स्ट' द्वारा जयपुर में लैंगिक संवेदनशीलता के लिये आयोजित 13वें लाडली मीडिया एंड एडवरटाइजिंग अवॉर्ड्स में 'गाँव कनेक्शन'को दोहरा सम्मान प्रदान किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- दलित लड़कियों के खिलाफ अपराधों का दस्तावेज़ीकरण करने वाली उत्तर प्रदेश की दो ग्राउंड रिपोर्टों को लाडली अवॉर्ड्स 2023 में सम्मानित किया गया है। दोनों ग्राउंड रिपोर्ट को क्रमश: अंग्रेज़ी इन्वेस्टिगेटिव स्टोरी और वेब इन्वेस्टिगेटिव स्टोरी की श्रेणियों में सम्मानित किया गया।
- मानवेंद्र सिंह द्वारा रिपोर्ट की गई और 11 दिसंबर, 2022 को प्रकाशित '2 हत्याएँ, 22 महीने, 1 अदालती कार्यवाही-उन्नाव में मृत दलित चचेरे बहनों के परिवार अभी भी न्याय का इंतजार कर रहे हैं' शीर्षक वाली कहानी ने 'हिंदी: वेब - खोजी कहानी'श्रेणी के तहत पुरस्कार जीता।
  - यह कहानी एक अपराध की जाँच थी, जिसमें 2021 में उत्तर प्रदेश के उन्नाव में तीन नाबालिग दलित लड़कियों को कथित तौर पर जहर दिया गया था। उनमें से दो की मौत हो गई, जबकि एक बच गई।
  - यह कहानी, भारत के सबसे बड़े ग्रामीण संचार और अंतर्दृष्टि मंच की 10वीं वर्षगाँठ को चिह्नित करने के लिये 10 विषयों पर 'गाँव कनेक्शन' की 10-भाग शृंखला का हिस्सा थी।
  - 'गाँव कनेक्शन'के अनुसार यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम, 2012 के कड़े होने के बावजूद, दो नाबालिग लड़कियों के परिवार को अभी भी न्याय का इंतज़ार है।
- 7 अक्तूबर, 2022 को प्रकाशित दूसरी कहानी 'आरोपी 8 साल से जमानत पर बाहर'; 'बदायूँ सामूहिक बलात्कार-हत्या मामले में नाबालिग पीड़ित परिवार के लिये तारीख-पे-तारीख' ने 'अंग्रेज़ी: खोजी कहानी'श्रेणी के तहत पुरस्कार जीता। इसकी रिपोर्टिंग शिवानी गुप्ता और अभिषेक वर्मा (कैमरापर्सन) ने की।
  - यह कहानी अपराध होने के वर्षों बाद बलात्कार पीड़ितों के जीवन का आकलन करने के लिये पिछले साल 'गाँव कनेक्शन'द्वारा शुरू की गई 'ट्वाइस कर्स्ड'नामक शृंखला का हिस्सा थी।
- विदित हो कि 'लाडली मीडिया अवार्ड्स'मुंबई स्थित सामाजिक प्रभाव संगठन 'पॉपुलेशन फर्स्ट' की एक पहल है, जो संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) द्वारा समर्थित है तथा देश भर में मीडिया में लैंगिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिये पिछले दो दशकों से काम कर रहा है।
- पुरस्कार समारोह के 13वें संस्करण में, कुल 87 पत्रकारों को लैंगिक संवेदनशीलता के लिये लाडली मीडिया एडवरटाइजिंग अवार्ड प्रदान किया गया, जबकि अन्य 31 को जूरी प्रशंसा प्रशस्तिपत्र प्राप्त हुए। देश भर से लैंगिक संवेदनशीलता पर पुरस्कारों के लिये 13 भाषाओं में 850 से अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं थीं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/laadli-awards-2023-gaon-connection-gets-double-honor